दिनांकः 14.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में पंचायत चुनाव के चौथे चरण में 25 जिला परिषदों और 116 पंचायत समितियों के लिए आज मतदान किया जा रहा है।
- राज्य सरकार ने सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए 9 हजार 321 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज की व्यवस्था की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपलब्धियां युवाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही है।
- प्रदेश में खनिज खानों की नीलामी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए राजस्थान माइनर मिनरल रियायत नियम–2017 में संशोधन किया गया।

000

प्रदेश में पंचायत चुनाव–2026 के चौथे चरण में आज 25 जिलों की जिला परिषदों और 116 पंचायत समितियों के लिए मतदान हो रहा है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चरण में जिला परिषद के 382 वार्डों में एक हजार 322 और पंचायत समितियों के 2 हजार 142 वार्डों में 7 हजार 521 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक करोड़ 5 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके लिए 11 हजार 905 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं से निर्धारित समय पर मतदान केन्द्र पहुंचने और अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की है। सोशल मीडिया संदेश में आयोग ने पहले मतदान–फिर जलपान का आग्रह करते हुए गांव की सरकार चुनने और और विकास में भागीदारी निभाने की अपील की है। वहीं मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया सहित कई इंतजाम किये गये हैं। इसके अलावा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उधर कल राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने भरतपुर दौरे पर कहा कि प्रदेश में वन स्टेट–वन इलेक्शन के तहत नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए हैं। मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की करीब 11 हजार ग्राम पंचायतों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं।

.....
000

राज्य सरकार ने सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए 9 हजार 321 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल शाम जयपुर में आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग की एक बैठक में अधिकारियों को आपदा राहत कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित जिलों में जिला प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखने और आमजन, किसानों तथा पशुपालकों

के लिए पेयजल, सिंचाई और चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने सूखा प्रभावित जिलों में आवश्यकतानुसार चारा डिपो खोलने को भी कहा। उन्होंने प्रभावित जिलों में खरीफ फसल खराबे की गिरदावरी के आधार पर आकलन रिपोर्ट तैयार करने तथा काश्तकारों को राहत पहुंचाने के संबंध में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि राज्य के 15 जिलों की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। इन तहसीलों में से 73 तहसील गंभीर सूखाग्रस्त श्रेणी और 14 तहसील मध्यम सूखाग्रस्त श्रेणी में शामिल हैं।

0000

सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की विशेष बैठक बुलाई जाएगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर में उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ऋण गारंटी योजना की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में करीब 31 लाख पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं, जिनसे 92 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

उन्होंने कहा कि विशेष बैठक में ऋण आवेदनों और उनकी मंजूरी के बीच अंतर की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, उद्यमियों को ऋण मिलने में आ रही कठिनाइयों के समाधान के सुझाव तैयार किए जाएंगे।

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विभागीय योजनाओं और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जयपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में नवीन स्टाफिंग पैटर्न के तहत शिक्षकों के समानीकरण की प्रक्रिया जल्द पूरी करने पर जोर दिया। बैठक में वर्ष 2026–27 की 15 बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इनमें विद्यालय भवनों का निर्माण और मरम्मत, छात्र सुविधाओं का विस्तार, व्यावसायिक शिक्षा और डिजिटल शिक्षण से जुड़े कार्य शामिल हैं। ।

000

केन्द्र सरकार ने इस महीने के दूसरे पखवाड़े के लिए घरेलू बाजार में चीनी की बिक्री का कोटा 13 लाख मीट्रिक टन तय किया है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के अनुसार, चीनी मिलों को तय कोटे के अलावा 30 नवंबर तक उत्पादित चीनी बेचने की भी अनुमति दी गई है। यह सुविधा उन मिलों को मिलेगी, जिन्होंने नवंबर में गन्ने की पेराई शुरू की है या अक्टूबर में ही काम शुरू कर दिया था।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपलब्धियां युवाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही है। श्री मोदी ने कल शाम कर्नाटक के मैसूरु में कॉसमॉस तारामंडल का उद्घाटन किया। इसे भारत का पहला एलईडी डोम तारामंडल और दुनिया का पहला झुका हुआ एलईडी डोम तारामंडल बताया गया है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी।

000

भारत के पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। पंडित नेहरू का जन्म 1889 में आज ही के दिन प्रयागराज के आनंद भवन में हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये हैं। प्रदेश में भी पण्डित नेहरू की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पाली में सामाजिक संस्थाओं की ओर से बाल दिवस मनाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में श्रद्धाजंलि सभाओं सहित संगोष्ठी तथा अन्य कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीं स्कूलों में बाल मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

000

राज्य सरकार ने नीलाम की गई खनिज खानों को जल्द चालू करने और नीलामी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए राजस्थान माइनर मिनरल रियायत नियम–2017 में संशोधन किए हैं। नए प्रावधानों के अनुसार, खानों की नीलामी के बाद 15 दिन में आशय पत्र यानी एलओआई जारी करना होगा। वहीं, खान का अनुबंध करने की अवधि तीन महीने से घटाकर 45 दिन और माइन प्लान के अनुमोदन की अवधि छह महीने से घटाकर तीन महीने कर दी गई है। पर्यावरण स्वीकृति की समय–सीमा भी डेढ़ साल से घटाकर एक साल की गई है। इसके अलावा, एक करोड़ 20 लाख रुपये से अधिक रिजर्व प्राइस वाली खानों के लिए बिड सिक्योरिटी की राशि को भी व्यावहारिक बनाया गया है।

0000

जैसलमेर जिले के रूपसी गांव में खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से चार बच्चों की मृत्यु हो गई। मृतकों में तीन सगी बहनें और उनका ममेरा भाई शामिल है। हादसा सदर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ, जब परिवार खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान एक बच्ची पानी की डिग्गी में गिर गई। उसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य बच्चे भी डिग्गी में उतर गए। गहरे पानी में डूबने से चारों बच्चों की मौत हो गई।

0000

आज विश्व मधुमेह दिवस है। मधुमेह से निपटने के लिए प्रदेश में मिशन मधुहारी चलाया जा रहा है। मिशन के तहत टाइप–1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों और मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मरीजों को निःशुल्क इंसुलिन, ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स और नियमित जांच की सुविधा दी जा रही है। मिशन के तहत 92 प्रतिशत मरीजों को बेसल–बोलस इंसुलिन उपचार उपलब्ध हो रहा है। वहीं, मधुनेत्र एआई के माध्यम से 2 हजार 219 मरीजों की आंखों की जांच की गई है। इसके अलावा किडनी, डायबिटिक फुट और न्यूरोपैथी की जांच तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

000